देश धर्म प्रशासन

आत्मीयता का जनसमूह – एक पार्श्वकर्मी की ज़बानी

By dharalakshya
November 23, 2023

0 134



स्वर्गीय श्री आशुतोष टंडन जो स्नेह से गोपाल भईया नाम से जाने जाते थे , एक महान व्यक्तित्व के धनी व सभी के पुरुषार्थ में तत्पर रहने वाले नेता थे । उनके आकस्मिक व समयपूर्व निधन से लखनऊ पूर्वी क्षेत्र - 1 ही नहीं वरन शासन व प्रशासन भी उनकी कमी महसूस कर रहा है । एक जन-सैलाब, अपना दुःख के साथ, श्रद्धासुमन अर्पित करने कालीचरण डिग्री कालेज प्रांगण में 22 नवम्बर 2023 को उमडा जो एक व्यक्ति के कृत्य व उसके लोगों के प्रति लगाव रूपी भावना प्रदर्शित करता है ।

आप सभी जानते हैं कि स्वर्गीय श्री आशुतोष टंडन जी पूर्व राज्यपाल, मध्य प्रदेश और लखनऊ के सांसद , स्वर्गीय श्री लालजी टंडन के पुत्र थे, जो योगी-1 सरकार में तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा नगर विकास मंत्री के रूप में 2018 से 2022 तक अपना सर्मपण भाव से कार्यसेवा की । तदोपरान्त उन्हें विधान सभा सदस्य के रूप में फिर से लखनऊ पूर्व-1 का प्रतिनिधित्व करने के लिए जनता द्वारा चुना गया।

मैं प्रो. भरत राज सिंह, पर्यावरणविद व महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, उनकी सहजता का एक उदाहरण देना चाहता हूँ । विश्व पर्यावरण दिवस पर, जब मैंने लखनऊ क्या प्रदेश का पहला 5 किलोवाट का *छत वाली सौर ऊर्जा* की स्थापना के उद्घाटन हेतु 5 जून 2016 को आवेदन किया तो वह तत्कालीन मेयर डॉ. दिनेश शर्मा जी, जो बाद में उप मुख्यमंत्री बने, के साथ मेरे आवास 5/323, विराम खंड-5 पर उपस्थित होकर प्रदेश के उक्त शुरुवाती कार्य को उदघाटित किया, तदोपरान्त 5 जून, 2017 को एसएमएस कालेज में भी 50 किलोवाट सौर्य ऊर्जा स्थापना की उद्घाटन किया । उक्त जनचेतना के कारण आज उत्तर प्रदेश सौर्य ऊर्जा स्थापना में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है । आज तो स्मृतियां ही शेष हैं क्योंकि 9 नवंबर, 2023 जिस समय उनकी आयु 63 वर्ष भी पूर्ण नहीं हुयी थी, फेफड़ों के कैंसर ने उन्हें काल के गाल में समेट लिया।

22 नवंबर, 2023 को कालीचरण डिग्री कालेज में सब के साथ शांति हवन (तेरहवी) में श्रद्धांजलि अर्पित किया , परन्तु निगाहे आज भी उन्हें ढूढ रही हैं व मन अशांत है । ईश्वर से प्रार्थना हैं कि गोलोक में उनकी आत्मा को स्थान दें , जिससे शांति मिले तथा परिवारिजनों को भी सम्बल प्रदान करें ।

---

https://dharalakshyasamachar.com/?p=6836